## महत्वपूर्ण एवं खास

### छिपली पंचायत के दो वार्ड पंच बर्खास्त

**नगरी (आरएनएस)।** ग्राम पंचायत छिपली विकासखंड नगरी के 2 वार्ड पंच वार्ड क्रमांक 14 के संतानू कोषरे एवं वार्ड क्रमांक 15 के टिकेश नवरंग को पंचायत राज अधिनियम के तहत अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय ने वार्ड पंच के पद से पृथक किया है एवं 6 साल के लिए किसी भी पंचायत से चुनाव लडऩे के लिए अयोग्य घोषित किया गया है संतानू कोषरे एवं टिकेश नवरंग के ऊपर उपसरपंच पंचो एवं ग्राम वासियों ने चार पांच गंभीर आरोप लगाए थे तकनीकी सहायक सु रामवती फुल माली को हटाने उप सरपंच एवं पंचों का फर्जी हस्ताक्षर करना, ग्राम पंचायत छिपली के दो विधवा पंच एवं एक अन्य पंच से निर्माण कार्य स्वीकृत करवाने ?50000 लेना, किसी भी व्यक्ति को जान से मारने की धमकी व एसटी एससी एक्ट में फंसाने की धमकी और महिला पंचों के साथ गंदी गंदी शब्दों में गाली गलौज करने की शिकायत किए थे। शिकायत कलेक्टर धमतरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, अनुविभागीय दंडाधिकारी नगरी से किए थे जांच उपरांत शिकायत सही पाया गया इन्हीं के आधार पर इन दोनों पंचों को पद से पृथक कर 6 वर्षों के लिए चुनाव लडऩे के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

### बाइक सवार बदमाश ने लूटी सोने की चेन

**रायपुर (आरएनएस)।** चौरसिया कालोनी टिकरापारा में युवक के गले से अज्ञात बदमाशों ने सोने के चेन लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उमेश कुमार साहू 42 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह अपनी मोपेड से घर जा रहा था तभी चौरसिया कालोनी टिकरापारा के पास बाइक सवार अज्ञात युवक ने रास्ता रोककर डरा धमका कर सोने की चेन लूटकर फरार हो गया। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### महिला के खाते से उड़ाए 2 लाख 95 हजार

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात आरोपी ने महिला के खाते से 2 लाख 95 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधाड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया उमा मित्रा 43 वर्ष फ्लेट सी 408 अविनाश प्राइट हीरापुर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पास अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने आपके फोन पे केवाईसी नहीं हुआ है कहते हुए एटीएम कार्ड को मोबाइल से स्केन करने को कहा। जिससे प्रार्थिया ने अपनी एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के एटीएम को स्केन करने पर आरोपी ने 2 बार में उसके बैंक खाते से 2 लाख 95 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने की कड़ी कार्यवाई

**सूरजपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में 27 जून से 06 जुलाई 2022 तक जिले के समस्त विकासखण्ड अंतर्गत संचालित स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी किया गया। कारण संतोषजनक एवं समय पर प्रस्तुत नहीं होने के कारण विकासखण्ड सूरजपुर के 10 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण, 2 कर्मचारियों का अवैतनिक एवं 4 कर्मचारियों का वेतन रोका गया। इसी क्रम में भैयाथान विकासखण्ड में 9 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण व 1 का वेतन रोका गया। विकासखण्ड ओडग़ी में 3 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण व 1 कर्मचारी का वेतन रोका गया। विकासखण्ड प्रतापपुर में 14 को स्पष्टीकरण, 2 अवैतनिक, 1 कर्मचारी का वेतन रोका गया। विकासखण्ड प्रेमनगर में 14 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण, 2 को अवैतनिक तथा 3 कर्मचारियों वेतन रोका गया।

# वेस्ट टू वेल्थ : स्वच्छता दीदियों ने कचरे से कमाएं साढ़े बीस लाख

- घरों से मिलने वाले सूखा कचरे से कमाए स्वच्छता दीदियों ने अतिरिक्त आय



**रायगढ़।** घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने से नगर निगम के तहत कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी अतिरिक्त आय कमा रही हैं। निगम क्षेत्र अंतर्गत 48 वार्ड से मिले सूखे कचरे से स्वच्छता दीदियों को 20 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई है।

निगम के अंतर्गत कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी अब वेस्ट से वेल्थ की ओर बढ़ रही हैं। इसी का नतीजा है कि घरों से प्राप्त होने वाले सूखे कचरे जिसमें कागज, पुट्ठा, सीसी-बोतल, प्लास्टिक के टूटे-फूटे सामान के साथ लोहा टीना के डिब्बे को बेचकर अब तक में 20 लाख 577 रुपए की अतिरिक्त आमदनी कमाई की गई। निगम के अंतर्गत 145 स्वच्छता रिक्शा संचालित है। इसमें 316 स्वच्छता दीदी वर्तमान में कार्यरत हैं, जो शहर के 48 वार्डों से घर-घर कचरा लेकर निगम के अंतर्गत 10 एसएलआरएम सेंटर में छटनी करती हैं। एक ओर जहां गीले कचरे से खाद बनाने का काम किया जा रहा है। इसी तरह सूखे कचरे से स्वच्छता दीदियों की आर्थिक स्थिति मजबूत भी हो रही है। हर माह सूखे कचरे से प्राप्त रुपए को स्वच्छता दीदियों के अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है। अब तक स्वच्छता दीदियों ने 20 लाख 577 रुपए के कबाड़ की बिक्री की है।

**गोधन न्याय से मिले 31 लाख से ज्यादा की राशि-** निगम के गोबर खरीदी केन्द्रों से प्रतिदिन वर्मी कंपोस्ट और बनाने का भी कार्य चल रहा है। इसमें प्राप्त राशि में से वर्मी कंपोस्ट निर्माण करने वाली स्वच्छता दीदियों को उनके लाभांश का अंश भी मिल रहा है। अब तक वर्मी कम्पोस्ट बनाकर 31 लाख रुपये से ज्यादा का खाद स्वच्छता दीदियों द्वारा बिक्री की गई है।

**खुले में न फेंके कचरा-** कलेक्शन में आने वाली स्वच्छता दीदियों ने शहरवासियों से अपील किया है कि शहर को साफ और सुंदर रखने के लिए कचरे को खुले में न फेंके। कलेक्शन के लिए आने वाली गाडिय़ों में ही कचरा दें। गीला और सूखा कचरा अलग कर दें। इससे न सिर्फ कचरे का सही निपटान होगा व शहर साफ-सुथरा व गंदगी मुक्त होगा तथा स्वच्छता दीदियों को अतिरिक्त आय का जरिया भी मिलेगा।

# राज्य की कोल वाशरियों एवं कोल डिपो पर ताबड़तोड़ छापे

- छत्तीसगढ़ सरकार ने लगातार शिकायतों के मद्देनजर की कार्रवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में बुधवार को कई कोल वाशरियों एवं कोल डिपो पर आकस्मिक रूप से दबिश देकर जांच-पड़ताल की गई। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह कार्रवाई कोल वाशरियों एवं कोल डिपो में कोयले के स्टाक में गड़बड़ी सहित अन्य शिकायतों के मद्देनजर की गई है। बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ एवं जांजगीर-चांपा जिले में स्थित कोल वाशरियों एवं कोल डिपो में खनिज, राजस्व, पुलिस एवं जीएसटी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने दबिश दी और कोयले के स्टाक सहित आवक-जावक, पर्यावरण नियम के उल्लंघन, भूमि संबंधी दस्तावेजों में कमियां, वेवब्रिज के कैलिब्रेशन में अंतर एवं अन्य कमियों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की है। खनिज विभाग द्वारा राज्यभर की कोल वाशरियों एवं कोल डिपो की जांच-पड़ताल के लिए 10 राज्य स्तरीय टीमें गठित की गई है, इन टीमों में खनिज विभाग के 50 अधिकारी शामिल हैं, जो संबंधित इलाकों के राजस्व, पुलिस एवं जीएसटी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर कोल वाशरियों एवं कोल डिपो की जांच-पड़ताल में जुटे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम द्वारा आज बिलासपुर जिले के गतौरा एवं हिंडाडीह स्थित हिन्द एनर्जी, हिन्द मल्टी, क्लीन कोल वाशरियों तथा गतौरी स्थित सत्या पावर कोल् वाशरी, फील वाशरी में दबिश देकर जांच-पड़ताल की कार्रवाई की गई। इसी तरह अधिकारियों की संयुक्त टीम ने जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा स्थित मेसर्स क्लीन कोल इंटरप्राईजेस, मेसर्स हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन के यहां दबिश देकर कोल स्टाक के जांच में जुटी हुई है। रायगढ़ जिले की कोल वाशरियों एवं कोल डिपो में भी जांच-पड़ताल की कार्रवाई जारी है।

# जिला अस्पताल में जल्द स्थापित होगी कम्प्युटेड टोमोग्राफी

**कोरबा।** यहां के जिला अस्पताल में सुविधाओं को बढ़ाया जाना जारी है। मरीजों के हित में इस तरह के काम किये जा रहे हैं। निर्णय लिया गया है कि यहां पर बहुत जल्द कम्प्युटेड टोमोग्राफी स्थापित की जाएगी। दुर्घटना में घायल होने वाले और अन्य मामलों में संबंधित मरीजों को इसके जरिये परीक्षण की सहुलियत मिलेगी और उनकी दिक्कतें कम होगी।

काफी समय से इसकी मांग यहां पर की जाती रही है। लेकिन अपेक्षित नतीजे नहीं आ सके। हालांकि इस तरफ विचार करने की बात लगातार की जाती रही। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम ने बताया कि व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया कि जिला अस्पताल में सीटी स्केन की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। सामान्य शुल्क पर संबंधित लोगों को यहां से सुविधा दी जा सकेगी। इससे पहले जिला अस्पताल में एक्सरे और सोनोग्राफी की सुविधा दी गई है। इसी कड़ी में सीटी स्केन को भी किया जाना है। कुल मिलाकर उद्देश्य यही है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से उपचार के लिए जिला अस्पताल में आने वाले पीड़ितों को न्यूनतम दर पर अच्छी चिकित्सा और दूसरी सुविधाएं प्रदान करायी जाए।

# बासिन में दो मवेशियों को मौत के घाट उतार कर हाथियों का दल पहुंचा नगहाडोल



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में मौजूद हाथियों के दल ने बीती रात जटगा वन परिक्षेत्र के ग्राम बासिन में दो मवेशियों पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दियाए जबकि एक अन्य मवेशी घायल हो गया। सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष सिंह और उनके स्टाफ मौके पर पहुंच गए हैं। पशु चिकित्सकों से मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं घायल का उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार हाथियों के हमले की यह घटना आज सुबह 04 बजे के लगभग घटित हुई। बताया गया कि 12 हाथियों का दल क्षेत्र में विचरणरत है। यह दल आज सुबह 04 बजे के लगभग जटगा परिक्षेत्र के बासिन गांव में पहुंच गया और रामसिंह मरावी नामक ग्रामीण के घर के बाहर बंधे मवेशियों पर हमला बोल दिया। गज दल के हमले में दो भैंस की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मवेशी के घायल होने की सूचना हाथियों के अचानक पहुंचने तथा मवेशियों पर हमला किये जाने से ग्रामीण दहशत में आ गए। उन्होंने हाथियों को भगाने की कोशिश की, किन्तु हाथियों का दल काफी देर तक गांव में विचरण करता रहा। सुबह होने से पहले हाथियों ने जंगल का रूख किया। तब ग्रामीणों ने इसकी सूचना जटगा रेंजर मनीष सिंह व अन्य कर्मियों को दी। जिस पर रेंजर के नेतृत्व में अन्य विभाग का अमला पशु चिकित्सक के साथ मौके पर पहुंचा और हाथियों के हमले में घायल मवेशी का उपचार कराने के बाद मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराकर दस्तावेज तैयार किया। रेंजर के मुताबिक हाथियों के हमले में रामसिंह को काफी आर्थिक चपत लगी है। वन विभाग प्रावधानों के अनुसार उसे मुआवजा प्रदान करेगा। हाथियों का यह दल बासिन में नुकसान पहुंचाने के बाद आगे बढक़र केंदई रेंज की सीमा में प्रवेश कर गया। आज सुबह इस दल को नगहाडोल गांव के निकट जंगल में देखा गया। हाथियों के नगहाडोल जंगल पहुंचने की सूचना केंदई परिक्षेत्र में दे दी गई है। जिस पर वहां का अमला संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

# वार्ता विफल, एसकेएमएस मुख्यालय में 11 जुलाई को करेगा प्रदर्शन

**कोरबा।** एसकेएमएस के द्वारा 38 सूत्रीय मांगों को लेकर एसईसीएल प्रबंधन को आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। प्रबंधन ने वार्ता के लिए बुलाया था। वार्ता में किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो पाया। अब एसकेएमएस कार्यकर्ता 11 जुलाई को एसईसीएल मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। जबकि आज गेवरा और दीपका सीजीएम कार्यालय के सामने कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।

जानकारी के अनुसार एसकेएमएस ने एसईसीएल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा था। कल मुख्यालय में एसकेएमएस कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। वार्ता में कुछ मांगों को मान लिया गया है। एसकेएमएस के हरिद्वार सिंह, अजय विश्वकर्मा, धर्मा राव, सुभाष सिंह, मदन सिंह ने प्रबंधन पर दबाव बनाने का प्रयास किया। वार्ता विफल होने पर अब वे 11 जुलाई को बिलासपुर मुख्यालय जाकर प्रदर्शन करेंगे। आज गेवरा सीजीएम कार्यालय के सामने दीपक उपाध्याय, एलपी अघरिया, अशोक मुखर्जी, आरएन पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। इसी तरह दीपका में भी सीके सिन्हा, विनोद यादव, संजीव शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जाएगा। कुसमुंडा एरिया में भी कल राजलल्लन पांडेय, एस एनग्राव, मुकेश साहू, श्यामलाल कमल, भोला शंकर कैवर्त, सियाराम बंजारे के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया था।

# कोयला कारोबार से जुड़ी एसीबी कंपनी में प्रशासन की छापामार कार्यवाई



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में खनिज, पर्यावरण, राजस्व, पुलिस और जीएसटी के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने बुधवार की देर शाम कई निजी कोल वाशरी और पावर प्लांट में एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई की खबर फैलते की हडक़म्प मच गया।

सूत्रों के मुताबिक जिले के आर्यन कोल बेनिफिकेशन इंडिया लिमिटेड ए सी बी सहित कोल वाशरी दीपका, गेवरा, चाकाबुड़ा, रेकी, रतीजा, मारुति, इंडस उद्योग एंड प्राइवेट लिमिटेड, कोथारी कोल वाशरी और निजी पावर प्लांट क्रमशरू चाकाबुड़ा 2 गुणा 135, 2 गुणा 30, रतीज़ा पावर 50 गुणा 2, मारुति 300 मेगावाट, रेकी पावर 63 मेगावाट में अधिक मात्रा में कोल स्टॉक, पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन, भूमि संबंधी दस्तावेजों में कमियां, वेवब्रिज के कैलीब्रेशन में अंतर तथा अन्य कमियों की सघन जांच पड़ताल की जा रही है।

एक अन्य जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित कोल वाशरियों और कोल डिपो में उस वक्त हडक़ंप मच गया जब यहां छापा मारने के लिए अलग-अलग टीमों ने एक साथ दबिश दी। बताया जा रहा है कि कोल वाशरी, कोल डिपो के संबंध में लगातार मिल रही शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए अचानक दल पहुँचा। खनिज, राजस्व, पर्यावरण और जीएसटी विभाग की संयुक्त कार्यवाही से संबंधित कोयला कारोबारियों में हडक़ंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा गठित राज्य स्तरीय टीम एवं पर्यावरण विभाग, जीएसटी, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गतौरा एवं हिंडाडीह स्थित हिन्द एनर्जी, हिन्द मल्टी, क्लीन कोल वाशरियों एवं गतौरी स्थित सत्या पावर कोलवाशरी, फील वाशरी में जांच की जा रही है। खनिज विभाग ने कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा एवं रायगढ़ जिलों में स्थित सभी कोल वाशरी एवं कोल डिपो की जांच के लिए 10 टीमें गठित की है। टीमों में 50 अधिकारी शामिल हैं। संयुक्त टीम के अधिकारी जांजगीर-चांपा एवं रायगढ़ जिले की कोल वाशरियों एवं कोल डिपो में दबिश देकर जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

# रेत लोड ट्रेक्टर ट्रॉली सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** प्रार्थी नायब तहसीलदार व्ही के श्रीवास्तव थाने मे एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया की इनके द्वारा 17 जून 22को शाम को अवैद्य रेत परिवाहन करते बिना नम्बर के सोनालिका ट्रेक्टर को जप्ति कार्रवाही कर वाहन मालिक सतीश टंडन, चालक सुनील पटेल एवं सह चालक यस पटेल तीनो के साथ जप्त सुधा ट्रेक्टर वाहन एवं रेत लोड ट्रॉली को सुरशार्थ थाना दीपका ला रहे थे की बजरंग चौक दीपका के पास ट्रेक्टर का गियर खऱाब हो गया है बोल कर वाहन मालिक ने ट्रेक्टर खड़ा कर दिया सह चालक यश पटेल ट्रेक्टर के पास रुका हुआ था, साथ मे वाहन मालिक सतीश टंडन तथा चालक थाना आये थे जो चोरी की नियत से भाग गए तथा ट्रेक्टर को तीनो मिल के बजरंग चौक से गायब कर दिए की प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना दीपका मे अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण के हालत पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल, अतरिक्त पुलिस अधिक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री शुश्री लितेश सिंह को प्रकरण अवगत करा कर तथा वरिष्ठ अधिकारियो से दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर अपराध पंजीबद्ध दिनांक से लगातार आरोपियों की पता साजी की जा रही थी जो की, 05 जुलाई 22 के रात मे उक्त आरोपियों की पतासाजी दौरान पता चलने पर उक्त आरोपियों गिरफ़्तार किया जाकर उनसे चोरी गए सोनालिका ट्रेक्टर एवं रेत लोड ट्रॉली को जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने से 06 जुलाई 22 को न्यायिक रिमांड पे भेजा गया, उपरोक्त समस्त कार्रवाही मे थाना प्रभारी निरिक्षक अनिल पटेल के नेतृत्व मे स उ नि मनोज मिश्रा, प्र आर, शिवराज सिंह, आर सुजीत पाटले, शेख साहवान आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने पंप हाउस स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल का किया निरीक्षण

- डिजिटल क्लास रुम, लायब्रेरी एवं प्रयोगशाला कक्षाओं का किया अवलोकन
- बच्चों के भोजन करने के लिए किचन शेड और साइकिल स्टैंड निर्माण के दिए निर्देश




**कोरबा।** कलेक्टर संजीव झा ने कोरबा शहर के पंप हाउस स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्थित डिजिटल क्लास रूम, भौतिकी, रसायन लैब, जीव विज्ञान लैब एवं पुस्तकालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने लैब में जाकर प्रेक्टिकल के लिए उपलब्ध सामग्रियों तथा आवश्यक उपकरणों को भी देखा। कलेक्टर झा ने बच्चो को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होने बच्चो के बैठकर भोजन करने के लिए किचन शेड निर्माण के निर्देश दिये। साथ ही साइकिल पार्किंग के लिए सायकल स्टैण्ड निर्माण के भी निर्देश मौके पर मौजूद जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज को दिये। कलेक्टर ने स्कूल में दो चपरासियों की पदस्थापना करने के भी निर्देश डीईओ को दिये। उन्होने स्कूल में शिक्षा गुणवत्ता, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल में पानी सप्लाई के लिए अमृत मिशन के तहत् कनेक्शन देने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर झा ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने लायब्रेरी में जाकर विद्यार्थियों के पढऩे के लिए रखे गये पुस्तकों का भी अवलोकन किया। उन्होंने लायब्रेरी में सभी प्रकार के ज्ञानवर्धक पुस्तकों को रखने का भी सुझाव दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी गोवर्धन प्रसाद भारद्वाज, जिला मिशन समन्वयक एस.के. अम्बस्ट, स्कूल के प्राचार्य विवेक लाण्डे सहित शिक्षकगण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्ड एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU